**भारत सरकार**
**कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 5246**
**उत्तर देने की तारीख 03 अप्रैल, 2023**
**सोमवार, 13 चैत्र, 1945 (शक)**

**पीएमकेवीवाई के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में पुरुषों और महिलाओं को प्रशिक्षण**

**5246. श्री दिनेश लाल यादव 'निरहुआ':**

**क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के अंतर्गत उत्तर प्रदेश से कितने युवक-युवतियों को कौशल विकास प्रशिक्षण हेतु नामांकित किया गया है;

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान राज्य में कितने युवकों एवं युवतियों को प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात् रोजगार अथवा नौकरी मिली है;

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान उक्त योजना हेतु कितनी धनराशि आवंटित और खर्च की गई है;

(घ) क्या सरकार का उत्तर प्रदेश के पिछड़े जिले आजमगढ़ में प्रधान मंत्री कौशल केंद्र स्थापित करने का विचार है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्योरा क्या है; और

(च) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री**
**(श्री राजीव चंद्रशेखर)**

(क) प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के अंतर्गत, पिछले तीन वर्षों (2019-20 से 2021-22) के दौरान उत्तर प्रदेश राज्य में 5.64 लाख पुरुष उम्मीदवारों और 4.00 लाख महिला उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया गया था।

(ख) पीएमकेवीवाई के अंतर्गत, उम्मीदवारों को अल्पावधि प्रशिक्षण और पूर्व शिक्षण मान्यता (आरपीएल) के माध्यम से कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया गया था। एसटीटी के अंतर्गत प्रमाणित उम्मीदवारों को नियोजन के अवसर प्रदान किए गए, जबकि आरपीएल को नियोजन से संबद्ध नहीं किया गया, क्योंकि यह उम्मीदवारों के मौजूदा कौशल को मान्यता देता था। पीएमकेवीवाई के एसटीटी घटक के अंतर्गत, पिछले तीन वर्षों (2019-20 से 2021-22) के दौरान उत्तर

प्रदेश राज्य में 71,047 प्रमाणित पुरुष उम्मीदवारों और 60,599 प्रमाणित महिला उम्मीदवारों को नियोजित किए जाने की सूचना प्राप्त की गई।

(ग) पीएमकेवीवाई के केंद्र प्रायोजित केंद्र प्रबंधित (सीएससीएम) घटक के अंतर्गत, पिछले तीन वर्षों (2019-20 से 2021-22) के दौरान उत्तर प्रदेश राज्य में 422.49 करोड़ रुपए का उपयोग किया गया था। पीएमकेवीवाई के केंद्र प्रायोजित राज्य प्रबंधित (सीएसएसएम) घटक के अंतर्गत, पिछले तीन वर्षों (2019-20 से 2020-21) के दौरान उत्तर प्रदेश राज्य में क्रमशः 62.95 करोड़ और 59.03 करोड़ रुपए जारी और उपयोग किए गए थे।

(घ) से (च) उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले में दो (2) प्रधान मंत्री कौशल केन्द्र स्थापित किए गए हैं।

*******